भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1359

28.07.2025 को उत्तर के लिए

प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्तियां

1359. श्री के. गोपीनाथ :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों (पीसीबी) में 50 प्रतिशत पद रिक्त होने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार ने इन रिक्तियों को भरने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) एवं (ख) :

एसपीसीबी/पीसीसी ने अपने संबंधित बोर्ड/पीसीसी में रिक्त पदों के एक या अधिक कारणों को रेखांकित किया है, जैसे;

- भर्ती नियम/सेवा नियम प्रक्रिया/अनुमोदन हेतु लंबित होना, स्टाफिंग पैटर्न की संस्वीकृति में विलम्ब होना, पदों का पुनर्गठन/अद्यतन तथा भर्ती नीति में परिवर्तन होना, पदों की समाप्ति होना।
- भर्ती/पदोन्नति से संबंधित न्यायालयीन मामले/कार्यवाहियां।
- राज्य का विभाजन।
- समर्पण किए जाने के लिए प्रस्तावित कुछ पद।
- नये कर्मचारियों का विभिन्न कारणों से कार्यभार ग्रहण न करना।
- प्रतिनियुक्ति पदों के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं होना/फीडर ग्रेड में कोई उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलना।
- पदोन्नति पदों के लिए फीडर कैडर में योग्य अभ्यर्थी का न होना।

राज्य बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति राज्य बोर्डों/पीसीसी द्वारा बनाए गए विनियमों के तहत की जाती है। साथ ही, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियाँ अपनी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं और एसपीसीबी/पीसीसी में रिक्तियों को भरने का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का है।

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को जल्द से जल्द रिक्तियों को भरवाए जाने के लिए स्मरण करवाया है। रिट याचिका (सिविल) सं. 13029/1985 एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ एवं अन्य में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय (प्रतिलिपि संलग्न) ने अपने दिनांक 08-05-2025 के आदेश द्वारा सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और समितियों को यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया था कि सितंबर 2025 के अंत तक सभी रिक्तियां भर दी जाएं।

*****